मैं रीजनल स्ट्रोक सेंटर में क्यों हूँ?

टोरंटो पैरामेडिक्स ने आपका आकलन किया और फिर यह निर्धारित किया कि आप स्ट्रोक की प्रारंभिक अवस्था में हो सकते हैं।

आपको आगे की जाँच के लिए नजदीकी रीजनल स्ट्रोक सेंटर (टोरंटो वेस्टर्न (Toronto Western), सेंट माइकल्स (St. Michael's) या सन्नीब्रुक हॉस्पीटल (Sunnybrook Hospital)) में लाया गया है।

इसे मेडिकल रीडायरेक्ट प्रोसेस कहा जाता है और इसे यह सुनिश्चित करने के लिए डिजायन किया गया था कि जिन्हें संवेदनशील समय में जरूरत हो वे रीजनल स्ट्रोक सेंटर से यह सेवा प्राप्त कर सकते हैं।

प्रत्यावर्तन प्रक्रिया

प्रत्यावर्तन का मतलब है कि आपको अपने घर के निकट के अस्पताल में उचित इकाई को सौंपा जाएगा। यह प्रक्रिया यह पक्का करने के लिए डिजायन की गई है जिनमें ऐसे लोग जिन्हें रीजनल स्ट्रोक सेंटर से विशेष देखभाल की आवश्यकता है, वे भी इस सेवा को प्राप्त कर सकते हैं।

आपका घरेलू अस्पताल यह सुनिश्चित करेगा कि आपके लिए जरूरी देखभाल की व्यवस्था और सेवाएँ मौजूद हैं। वे आपको आगे की सलाह, देखभाल और पुनर्वास या वहाँ से छुट्टी दे सकते हैं, जो भी आपके लिए बेहतर होगा।

अगर RSC आपका घरेलू अस्पताल है, तो आप अस्पताल में ही रहेंगे।

Toronto Stroke Networks

• Leadership • Innovation • Collaboration

अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट पर जाएँ:

www.tostroke.com

स्ट्रोक के लिए मेडिकल रीडायरेक्ट (MEDICAL REDIRECT) और प्रत्यावर्तन (REPATRIATION) प्रक्रिया

HINDI

रीजनल स्ट्रोक सेंटर क्या है?

रीजनल स्ट्रोक सेंटर (Regional Stroke Centre - RSC) एक तीव्र देखभाल अस्पताल है जहाँ आपको मिल सकता है 24 घंटे स्ट्रोक का इलाज। इन केंद्रों में तत्काल स्ट्रोक देखभाल और उसमें लगने वाले विशिष्ट उपकरण और उपचार विकल्प मौजूद हैं जो अन्य दूसरे अस्पतालों में नहीं भी पाए जा सकते हैं।

यह पता करने के लिए आपको परीक्षणों से गुजरना पड़ेगा कि आपको स्ट्रोक आया था। इन परीक्षणों में मस्तिक का स्कैन और खून की जाँच हो सकती है।

अगर मुझे स्ट्रोक हुआ है तो ऐसी स्थिति में क्या करना है?

रीजनल स्ट्रोक सेंटर में उपचार किया जाता है।

अगर आपको स्ट्रोक आया है, तो स्ट्रोक टीम आपके स्ट्रोक के प्रकार को समझकर उपचार का बेहतर विकल्प निर्धारित करेगी।

विकल्पों में शामिल हैं:

- टिश्यू प्लाज़मीनोजेन एक्टिवेटर (tissue Plasminogen Activator - tPA) नामक क्लॉट बस्टिंग दवाई
- अन्य विशिष्ट उपचार या हस्तक्षेप

अगर आपको RSC में उपचार की जरूरत होगी तो आप अपने इलाज के लिए RSC में ही रहेंगे। उसके बाद आपको अपने घर के निकटतम अस्पताल में भेज दिया जा सकता है, जहाँ स्ट्रोक इकाई आपकी देखभाल जारी रखेगी।

इसे प्रत्यावर्तन कहते हैं।

आगे क्या होता है?

अगर आपको किसी विशेष स्ट्रोक सेवा की जरूरत RSC से नहीं है, तो आपको अपने घर के निकटतम अस्पताल में भेज दिया जाएगा जहाँ कि स्ट्रोक इकाई आपकी देखभाल जारी रखेगी।

अगर मुझे स्ट्रोक नहीं आया है तो ऐसी स्थिति में क्या करना है?

अगर आपकी देखभाल टीम यह निर्धारित करती है कि आपको स्ट्रोक नहीं हुआ है, तो आपको आपके घरेलू अस्पताल में देखभाल जारी रखने के लिए भेज दिया जाएगा।

यह भी प्रत्यावर्तन कहलाता है।